2019

HINDI — GENERAL

Paper : CC/GE-2

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ पश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) तुलसीदास रचित किन्हीं दो कृतियों के नाम लिखिए।

(ख) "पानी बिच मीन पियासी" — 'पानी' और 'मीन' से क्या तात्पर्य है?

(ग) 'अविगत गति कछु कहत न आवै' — कवि और संग्रह का नाम बताइए।

(घ) सूरदास के गुरु कौन हैं? सूरदास के पदों के संग्रह का नाम लिखिए।

(ङ) 'विनय-पत्रिका' के रचयिता का नाम बताइए और विनय-पत्रिका की भाषा क्या है?

(च) बिहारी किस काव्यधारा के कवि हैं? उनके दोहों के संग्रह का नाम लिखिए।

(छ) रसखान किस काल के कवि हैं? उनके द्वारा प्रयुक्त किसी एक छन्द का नाम बताइए।

(ज) मीरा किस धारा की कवयित्री हैं? उनके 'इष्ट देव' का नाम बताइए।

(झ) 'जाके प्रिय न राम बैदेही' — किस कवि की पंक्ति है? 'बैदेही' का अर्थ बताइए।

(ञ) 'नहिं पराग नहीं मधुर मधु' किस कवि की पंक्ति है और यह किसे सम्बोधित कर लिखी गयी है?

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×1=10

(क) जसोदा हरि पालनैं झुलावै।

हलरावै, दुलराइ मल्हावै, जोइ-सोइ कछु गावै।
मेरे लाल को आउ निंदरिया, काहैं न आनि सुवावै।
तू काहैं नहिं बेगिहिं आवै, तोकौं कान्ह बुलावै।
सोवत जानि मौन ह्वै कै रहि, करि करि सैन बतावै।
इहि अंतर अकुलाइ उठे हरि, जसुमति मधुरैं गावै।
जो सुख सूर अमर-मुनि दुरलभ, सो नंद-भामिनि पावै।।

(ख) जाउँ कहाँ तजि चरन तुम्हारे।
काको नाम पतित-पावन जग, केहि अति दीन पियारे।।
कौने देव बराइ बिरद-हित, हठि-हठि अधम उधारे।
खग, मृग, ब्याध, पषान, बिटप जड़, जवन कवन सुर तारे।।
देव, दनुज, मुनि, नाग, मनुज सब, माया-बिबस बिचारे।
तिनके हाथ दासतुलसी प्रभु, कहा अपनपौ हारे।।

(ग) मानुष हौं त वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पशु हौं तौ कहा बस मेरो चरौं नित नन्द की धेनु मँझारन।।
पाहन हौं तौ वही गिरि को जो धर्‌यो कर छत्र पुरन्दर धारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौ मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन।।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=2

(क) कबीर की भक्ति का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(ख) तुलसीदास की भक्ति-भावना का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(ग) मीरा की काव्यगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(घ) बिहारी को 'गागर में सागर' भरने वाला कवि क्यों कहा जाता है? —सोदाहरण लिखिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : 5×3=1

(क) कबीर की काव्य-भाषा

(ख) भ्रमर-गीत

(ग) तुलसी काव्य में लोकमंगल

(घ) बिहारी का काव्य शिल्प

(ङ) रसखान का कृष्णप्रेम।